# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O)
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू॰ एन॰ सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी॰ एल॰ दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

TWT
**Truth Will Triumph**

पत्र संख्या 19

पटना
दिनांक 19-3-2001

## प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 18-3-2001 को केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक श्री डब्लू0 एन0 सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पिछले सभी समझौते एवं मुख्य सचिव द्वारा निर्गत पत्र संख्या 8199 दिनांक 28-10-2000 में निहित बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि सरकार ने समय-समय पर संघ को दिये आश्वासन एवं समझौते के किसी भी बिन्दुओं का अनुपालन नहीं किया है। सदस्यों ने एकमत से गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए कार्मिक सचिव एवं विभाग की तीव्र भर्त्सना की। उपरोक्त कार्रवाई के लिए सरकार को 15 मार्च तक का समय दिया गया था संघ ने यह चेतावनी दे रखा था कि अगर कार्रवाई इस तिथि तक नहीं की गई तो यह माना जायेगा कि सरकार पुनः संघ को आन्दोलन के लिए प्रेरित कर रही है और अगर यह आन्दोलन हुआ तो इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी। स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। कार्मिक सचिव ने अपनी हठधर्मिता को नहीं छोड़ा और विभाग ने अपनी नकारात्मक सोंच के तहत संचिका को आगे बढ़ने से रोका।

संघ ने सरकार से मांग किया था कि संघ को बार-बार हड़ताल क्यों करना पड़ता है, इसके लिए कौन मुख्य रूप से जिम्मेवार है इसकी जांच के लिए माननीय उच्च न्यायालय के सिटींग जज की अध्यक्षता में एक समिति बनायी जाय और संघ अपने इस मांग पर अडिग है। सरकार समिति गठित करे, अधिसूचना शीघ्र निर्गत करे।

जिला इकाई सिवान से प्राप्त प्रस्ताव, जिसके अनुसार वहाँ की अनियंत्रित पुलिस ~~प्रशासन~~ बल द्वारा, जिला पदाधिकारी, सिवान, आरक्षी उप महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र के साथ किये गये दुर्व्यवहार और उसके विरूद्ध जिला इकाई द्वारा

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन
जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O), 286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph


पत्र संख्या..........................

पटना
दिनांक..............................



पारित प्रस्ताव की केन्द्रीय कार्यकारिणी ने एक स्वर से स्वीकृति दी । सिवान इकाई के हमारे सदस्य विधि व्यवस्था संधारण में सरकार द्वारा निर्गत परिपत्रों के संदर्भ में आवश्यक सामग्री मुहैया कराने के उपरांत ही विधि व्यवस्था का कार्य संधारण करें, ऐसा निदेश दिया गया । सरकार से यह भी अनुरोध करने का निर्णय समिति ने लिया कि पुलिस को नियंत्रित करने, संयमित करने की सभी कार्रवाई सरकार सुनिश्चित करे । राजनीतिक गुण्डागर्दी को समाप्त करने की कार्रवाई करे ताकि सरकार, प्रशासन एवं मजिस्ट्रेसी की गरिमा की रक्षा हो सके और सभी तबके के लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके । गृह आयुक्त के आश्वासन पर सिवान इकाई के सदस्यों ने विधि व्यवस्था के कार्य करना स्वीकार किया तो गृह आयुक्त की यह जिम्मेवारी बनती है कि वे हमारे सदस्यों की सुरक्षा का हर संभव उपाय करें ।

पंचायत चुनाव में लगे हमारे सदस्यों की सुरक्षा की व्यवस्था सरकार ने अब तक नहीं की है । हम प्रेस के माध्यम से सभी जिला पदाधिकारी को यह अगाह करते हैं कि वे चुनाव की सारी प्रक्रियाओं में मतगणना सहित हमारे पदाधिकारियों की सुरक्षा का पुरता इन्तेजाम करे अन्यथा किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना अगर घटी तो इसकी सारी जिम्मेवारी जिला पदाधिकारी/सरकार की होगी और हम उसे चैन से रहने नहीं देंगे, चाहे इसके लिए संघ को लम्बी आन्दोलन क्यों न करना पड़े । हम अपने सदस्यों के लिए हर प्रकार की कुर्बानी देने को तैयार हैं ।

सर्व सम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि सदस्यों की आवश्यक सुरक्षा एवं श्री बिन्दा प्रसाद, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बिहटा के विरुद्ध अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर के द्वारा लगाये गये झूठे, मनगढ़ंत और बेहूदा आरोपों के

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

**प्रशासनिक सेवा भवन**
**जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-८०० ००१**

दूरभाष :
अध्यक्ष : 226623 (R)
महासचिव : 220227 (O)
286865 (R)
कोषाध्यक्ष : 351334 (R)

*अध्यक्ष*
वजीन्द्र नारायण सिंह
( डब्लू० एन० सिंह )

*महासचिव*
गंगाधर लाल दास
( जी० एल० दास )

*उपाध्यक्ष*
फेराक अहमद
अरुण चन्द्र मिश्र

*संयुक्त सचिव*
अर्जुन प्रसाद
कृष्ण मुरारी शर्मा

*कोषाध्यक्ष*
केशव रंजन प्रसाद

Truth Will Triumph

पत्र संख्या.........................

पटना
दिनांक 19-3-2001



विरोध में संघ का एक शिष्टमंडल राज्य चुनाव आयुक्त, गृह आयुक्त एवं कार्मिक सचिव से मिलकर ज्ञापन एवं संघ की भावना से अवगत करायेंगे और इसके बाद जो आवश्यक हो अध्यक्ष एवं महासचिव कार्रवाई सुनिश्चित करें । इस संबंध में जिला इकाई पटना से प्राप्त प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया ।

वेतन विसंगति को दूर करने, सभी स्तरों पर प्रोन्नति के पद भरने, एवं प्रोन्नति के लिए वर्ष भर की सूची बनाने तथा अन्य लम्बित कार्यों की भी समीक्षा से यह स्पष्ट हुआ कि अब तक सरकार द्वारा की गई कार्रवाई असंतोषजनक है । संघ के बार-बार लिखने और आला अधिकारियों से मिलने का कोई परिणाम नहीं निकला है और सरकार को दिया गया अंतिम समय भी समाप्त हो चुका है ऐसी स्थिति में संघ के सामने आन्दोलन के सिवा कोई विकल्प नहीं रह गया है । महासचिव द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव ने 15 दिन और प्रतीक्षा करने का आश्वासन दिया है। इस संदर्भ में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सरकार अप्रील 2001 के प्रथम सप्ताह तक सभी लम्बित कार्रवाई सम्पन्न करे, अन्यथा। अप्रील के दूसरे सप्ताह में हम बैठक बुलाकर पुनः इसकी समीक्षा करेंगे और निश्चित तौर पर कार्मिक विभाग के निकम्मेपन/हठधर्मिता के कारण और सरकार के विरोध में हमें आन्दोलन करने के लिए विवश होना पड़ेगा और अगर यह आन्दोलन हुआ तो इसकी सारी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

ह० गंगाधर 19.3.2001

।जी०एल० दास।
महासचिव

।डब्लू० एन० सिंह।
अध्यक्ष

प्रतिलिपि- निदेशक, दूरदर्शन/आकाशवाणी, पटना/ब्यूरो प्रमुख, यू०एन०आई०/पी०टी०आई०/ सभी सम्पादक हिन्दी दैनिक,/अंग्रेजी को प्रकाशनार्थ प्रेषित।

गंगाधर 19.3.2001
।गंगाधरलाल दास।